इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 23] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 6 जून 2014—ज्येष्ठ 16, शक 1936

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 मई 2014

क्र. एफ-1(ए)94-2001-ब-2-दो.—राज्य शासन के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 अप्रैल 2014 द्वारा श्री एल. एल. अहिरवार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (प्रवर्तन), एम.पी. पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर को दिनांक 28 अप्रैल से 7 मई 2014 तक अर्जित अवकाश दिनांक 27 अप्रैल 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए उक्त अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2014-17 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2014-15 में गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भमण की पात्रता के तहत् सपरिवार ''मनाली'' (हिमाचल प्रदेश) की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति एवं दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की अनुमति प्रदान की गई है.

(2) श्री एल.एल. अहिरवार, भापुसे, द्वारा उपर्युक्तानुसार स्वीकृत अर्जित अवकाश का उपभोग न करने के कारण राज्य शासन द्वारा पूर्व में स्वीकृत अर्जित अवकाश को निरस्त करते हुए उन्हें दिनांक 15 से 24 मई 2014 तक दस दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 14 एवं 25 मई 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(3) पूर्व समसंख्यक आदेश दिांक 28 अप्रैल 2014 की शेष शर्तें यतावत् रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 24 मई 2014

क्र. एफ-1(ए) 253-1988-ब-2-दो.—(1) डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एस.सी.आर.बी. पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 16 से 20 जून 2014 तक पांच दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 14, 15, 21 एवं 22 जून 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2014.

(2) डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री पी.के. माथुर, पुलिस महानिरीक्षक, एस.सी.आर.बी. पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एस.सी.आर.बी. पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

क्र. एफ-1(ए) 31-2007-ब-2-दो.—(1) श्री के. सी. जैन, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सतना को दिनांक 30 मई से 13 जून 2014 तक पन्द्रह दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 14, 15 जून 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए उक्त अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2014-17 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2014-15 में सपत्नीक गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की यात्रा की पात्रता के तहत दार्जलिंग की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. श्री के. सी. जैन	—	स्वयं
2. श्रीमती राजश्री जैन	—	पत्नी
3. श्री कृति जैन	—	पुत्री

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री के. सी. जैन, भापुसे, को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में इनका कार्य श्री प्रदीप कुमार शेण्डे, रापुसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सतना द्वारा अतिरिक्त रूप से अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. जैन, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सतना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री के. सी. जैन, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सतना के द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री के. सी. जैन, भापुसे, को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. जैन, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 30 मई 2014

क्र. एफ-1(ए) 212-96-ब-2-दो.—(1) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल रेंज, इन्दौर को दिनांक 2 से 20 जून 2014 तक कुल उन्नीस दिवस का चाईल्ड केयर अवकाश दिनांक 1, 21 एवं 22 जून 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री तिलक सिंह, रापुसे, सेनानी, प्रथम वाहिनी, विसबल, इन्दौर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, विसबल रेंज, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनी रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. स्वाई, प्रमुख सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 मई 2014

क्र. 195-2014-ए-16.—उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 (क्र. 1972 का 39) की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी लि., जबलपुर, मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लि., जबलपुर

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमीशन कम्पनी लि., जबलपुर, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लि., भोपाल, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लि., जबलपुर तथा मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लि., इन्दौर, में नियोजित नियमित कार्मिकों को जिन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 ग्राह्य कर उपादान, पेंशन, पेंशन कम्यूटेशन तथा मृत्यु सह-उपादान के समस्त लाभ प्रदान करने और कार्मिकों को उपादान एवं बेहतर पेंशन का भुगतान सकल रूप से किये जाने के कारण उन्हें उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रभावी होने से अधिसूचना जारी करने की दिनांक से छूट प्रदान करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीनिवास शर्मा, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

फा. क्र. 17(ई) 515-2008-इक्कीस-ब(दो).—विधिक सेवा प्राधिकरण संशोधन अधिनियम, 1994 (1994 का संख्यांक 59) द्वारा यथा संशोधित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 का संख्यांक 39 की धारा 6 की उपधारा (2) के खंड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के परामर्श से श्री जे.पी. गुप्ता, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन एवं श्री ए.के. पाण्डेय, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से दो वर्ष की कालावधि के लिए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पदेन सदस्य के रूप में, नाम निर्दिष्ट करता है.

F. No. 17(E) 515-2008-XXI-B (II).—In exercise of the powers conferred by clause (c) of sub-section (2) of Section 6 of the Legal Services Authorities Act, 1987 (No. 39 of 1987) as amended by Legal Services Authorities (Amendment) Act, 1994 (No. 59 of 1994), the State Government in consultation with the Chief Justice of Madhya Pradesh High Court, hereby nominate Shri J.P. Gupta, District Judge & Chairman, District Legal Services Authorities, Ujjain and Shri A.K. Pandey, District Judge & Chairman, District Legal Services Authority, Jabalpur, Ex-Officio Members of the Madhya Pradesh State Legal Services Authority for a period of two years with effect from the date assume charges.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चन्द्रहास. व्ही. सिरपुरकर, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 मई 2014

फा. क्र. 17(ई) 426-2008-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग द्वारा जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 29 दिसम्बर 2008 द्वारा तहसील तरीचरकलॉ, जिला टीकमगढ़ के लिये नियुक्त नोटरी, श्री हरनारायण साहू का दिनांक 22 सितम्बर 2011 को स्वर्गवास होने के फलस्वरूप उनका नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई) 25-2007-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग द्वारा जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 29 दिसम्बर 2008 द्वारा तहसील पृथ्वीपुर, जिला टीकमगढ़ के लिये नियुक्त नोटरी, अशोक कुमार त्रिपाठी का दिनांक 4 जुलाई 2013 को स्वर्गवास होने के फलस्वरूप उनका नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. पी. खेर, उपसचिव.

खनिज साधन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 मई 2014

क्र. 2717-आर-1336-07-बारह-2.—खनि रियायत नियम, 1960 के नियम 59 के उपनियम (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह घोषणा करती है कि जबलपुर तथा कटनी जिलों में 691 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र जो कि मेसर्स जियो मैसूर सर्विसेस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सोना, पीजीई. निकल, हीरा, तांबा, सीसा, जस्ता, लोहा, चांदी, क्रोमियम तथा टंगसटन की सर्वेक्षण संक्रियाओं के लिए सर्वेक्षण अनुज्ञापत्र के अधीन धारित किया गया था, उक्त नियमों के नियम 7 (1)(एक) (ख) के अनुसार त्याग कर दिया गया है. उक्त क्षेत्रों के ब्यौरे नीचे सारणी में दिए गए हैं, अर्थात् :—

बिन्दु	रेखांश	अक्षांश
(1)	(2)	(3)
ए 1	23° 23' 38.99"	79° 55' 53.23"
बी 1	23° 18' 38.14"	79° 59' 18.84"
सी 1	23° 27' 29.92"	80° 15' 42.86"
डी 1	23° 25' 54.61"	80° 16' 52.49"
ई 1	23° 34' 15.85"	80° 31' 38.72"
एफ 1	23° 34' 50.88"	80° 31' 13.19"
जी 1	23° 35' 45.65"	80° 33' 04.67"
एच 1	23° 38' 50.13"	80° 31' 01.18"
आई 1	23° 33' 17.34"	80° 20' 40.95"
जे 1	23° 36' 00.48"	80° 19' 02.94"

उक्त क्षेत्र मध्यप्रदेश राजपत्र में, इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के पश्चात्, 90 दिन तक सर्वेक्षण अनुज्ञा-पत्र के पुन: अनुदान हेतु उपलब्ध रहेगा. उपर्युक्त क्षेत्र का रेखांक, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म "खनिज भवन" 29-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल मध्यप्रदेश में इस अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है तथा उसी कार्यालय में ही आवेदन-पत्र जमा किय जा सकेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजातशत्रु श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 मई 2014

क्र. 2717-1336-2007-बारह-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 23 मई 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजातशत्रु श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 23rd May 2014

No. 2717-R-1336-07-XII-2.—In exercise of the power conferred by clause (a) of sub-rule (1) of rule 59 of the Mineral Concession Rule, 1960, the State Government hereby declare that an area of 691 Sq.Km. in Jabalpur and Katni Districts which was held by M/s Geomysore Services (India) Private Limited, for the reconnaissance operations of Gold, PGE, Nickel, Diamond, Copper, Lead, Zinc, Iron, Silver, Chromium & Tungsten minerals, under reconnaissance permit, shall be relinquished in accordance with rule 7(1) (i) (b) for the said rules, Details of the Said areas given in the table below, namely :—

Pts.	Latitude	Longitude
(1)	(2)	(3)
A 1	23° 23' 38.99"	79° 55' 53.23"
B 1	23° 18' 38.14"	79° 59' 18.84"
C 1	23° 27' 29.92"	80° 15' 42.86"
D 1	23° 25' 54.61"	80° 16' 52.49"
E 1	23° 34' 15.85"	80° 31' 38.72"
F 1	23° 34' 50.88"	80° 31' 13.19"
G 1	23° 35' 45.65"	80° 33' 04.67"
H 1	23° 38' 50.13"	80° 31' 01.18"
I 1	23° 33' 17.34"	80° 20' 40.95"
J 1	23° 36' 00.48"	80° 19' 02.94"

The said area shall be available for regrant of reconnaissance permit after 30 days from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette, upto 90 dyas. The plan of the aforesaid area can be seen in the Directorate of Geology and Mining, Khanij Bhawan, 29-A, Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh, on any working day after publication of the notification and application forms can be submitted in the same office.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
AJATSHATRU SHRIVASTAVA, Secy.

भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं

खनिज साधन विभाग

भोपाल, दिनांक 23 मई 2014

क्र. 2715-आर-254-14-बारह-1.—

[भारत के राजपत्र भाग-II खंड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशनार्थ]

भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

नई दिल्ली, तारीख 6 जनवरी 2014

आदेश

का. आ. . . . .—कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 9 की उपधारा (1) के अधीन जारी भारत के राजपत्र भाग-II, खंड 3 उपखंड (ii), तारीख 3 सितम्बर, 2013 में प्रकाशित भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की अधिसूचना का. आ. संख्यांक 2665(अ), तारीख 2 सितम्बर, 2013 पर उक्त अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित भूमि और ऐसी भूमि (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त भूमि कहा गया है), में या उस पर के सभी अधिकार, उक्त अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के अधीन, सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर, आत्यंतिक रूप में केन्द्रीय सरकार में निहित हो गए थे;

और, केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो गया है कि वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नागपुर (जिसे इसमें इसके पश्चात् सरकारी कंपनी कहा गया है), ऐसे निबंधनों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए रजामंद है,जो केन्द्रीय सरकार इस निमित्त अधिरोपित करना उचित समझे;

अत: अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश

देती है कि इस प्रकार निहित भूमि और उक्त भूमि में या उस पर के सभी अधिकार तारीख 3 सितम्बर 2013 से केन्द्रीय सरकार में इस प्रकार निहित बने रहने के बजाए, निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों के अधीन रहते हुए, सरकारी कंपनी में निहित हो जाएंगे, अर्थात् :—

1. सरकारी कम्पनी, उक्त अधिनियम के उपबंधों के अधीन यथा अवधारित प्रतिकर, ब्याज, नुकसानियों और वैसी ही मदों की बाबत् किए गए संदायों की केन्द्रीय सरकार को प्रतिपूर्ति करेगी;

2. शर्त (1) के अधीन सरकारी कंपनी द्वारा केन्द्रीय सरकार को संदेय रकमों का अवधारण करने के प्रयोजनों के लिए उक्त अधिनियम की धारा 14 के अधीन एक अधिकरण का गठन किया जाएगा और ऐसे किसी अधिकरण की सहायता के लिए नियुक्त व्यक्तियों के संबंध में उपगत सभी व्यय, सरकारी कंपनी द्वारा वहन किए जाऐंगे और इस प्रकार निहित उक्त भूमि में या उस पर के अधिकारों के लिए या उनके संबंध में जो कि अपील आदि सभी विधिक कार्यवाहियों की बाबत् उपगत सभी व्यय भी सरकारी कंपनी द्वारा वहन किए जाएंगे;

3. सरकारी कंपनी, केन्द्रीय सरकार या उसके पदधारियों की, ऐसी किसी अन्य व्यय के संबंध में क्षतिपूर्ति करेगी, जो इस प्रकार निहित उक्त भूमि में या उस पर के अधिकारों के बारे में, केन्द्रीय सरकार या उसके पदधारियों द्वारा या उनके विरुद्ध किन्हीं कार्यवाहियों के संबंध में आवश्यक हो;

4. सरकारी कंपनी को केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना उक्त भूमि को और उसमें निहित उक्त भूमि में या उस पर के अधिकारों को और किसी अन्य व्यक्ति के अधिकारों को अंतरित करने की शक्ति नहीं होगी; और

5. सरकारी कंपनी ऐसे निर्देशों और शर्तों का पालन करेगी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, जब कभी आवश्यक हो, उक्त भूमि के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए दिए जाएं या अधिरोपित किए जाएं.

(फा.सं. 43015/11/2011—पीआरआईडब्ल्यू-1)

हस्ता./-

(एम. के. शर्मा)
निदेशक.

[To be Published in the Gazette of India, Part-II, Section 3, Sub-section (ii)]

GOVERNMENT OF INDIA

MINISTRY OF COAL

New Delhi, the 6th January 2014

ORDER

S. O. . . . . WHEREAS, on the publication of the notification of the Government of India in the Ministry of Coal, number S. O. 2665(E), dated the 2nd September, 2013 published in the Gazette of India, Part-II, Section 3, Sub-section (ii), dated the 3rd September, 2013, issued under sub-section (1) of Section 9 of the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 (20 of 1957) (hereinafter referred to as the said Act), the land and all rights in or over the land described in the Schedule appended to the said notification (hereinafter referred to as the said land) vested absolutely in the Central Government free from all encumbrances under sub-section (1) of Section 10 of the said Act ;

AND WHEREAS the Central Government is satisfied that the Western Coalfields Limited, Nagpur (hereinafter referred to as the Government Company) is willing to comply with such terms and conditions as the Central Government thinks fit to impose in this behalf.

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 11 of the said Act, the Central Government hereby directs that the said land and all rights in or over the said land so vested shall, with effect from 3rd September, 2013, instead of continuing to so vest in the Central Government, vest in the Government company, subject to the following terms and conditions, namely :—

1. the Government company shall reimburse the Central Government all payments made in respect of compensation, interest, damages and the like, as determined under the provisions of the said Act;

2. a Tribunal shall be constituted under Section 14 of the said Act, for the purpose of determining the amounts payable to the Central Government by the Government company under condition (1) and all expenditure incurred in connection with any such Tribunal and persons appointed to assist the said Tribunal shall be borne by the Government company and similarly, all

expenditure incurred in respect of all legal proceedings like appeals, etc, for or in connection with the rights, in or over the said land, so vested, shall also be borne by the Government company;

3. the Government company shall indemnify the Central Government or its officials against any other expenditure that may be necessary in connection with any proceedings by or against the Central Government or its officials regarding the rights in or over the said land so vested;

4. the Government company shall have no power to transfer the said land and the rights in or over the said land to any other person without the prior approval of the Central Government; and

5. the Government company shall abide by such directions and conditions as may be given or imposed by the Central Government for particular areas of the said land, as and when necessary.

(F. No. 43015/11/2011-priw-I).

Sd../-

(M. K. SHARMA)
Director.

राज्य शासन के आदेश

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 16 मई 2014

फा. क्र. 17(ई)43-2009-915-इक्कीस-ब(एक)-14.—ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 (2009 का 4) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)43-2009-2251-इक्कीस-ब(1)/13, दिनांक 10 मई 2013 में, निम्नलिखित संशोधन करता है :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 82 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं :—

सारणी

अनु-क्रमांक	न्यायाधिकारी का नाम	पदस्थापना का स्थल	सिविल जिले का नाम	मध्यवर्ती स्तर की पंचायत के लिए ग्राम न्यायालय का नाम	ग्राम न्यायालय के मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"82	श्री अभिनव कुमार जैन, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, उमरिया.	उमरिया	उमरिया	उमरिया	उमरिया"

F.No. 17(E)43-2009-915-XXI-B(1)-14.—In exercise of the powers conferred by Section 5 of the Gram Nyayalayas Act, 2008 (No. 4 of 2009), the State Government, in Consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendment in this department's Notification F. No. 17(E)43-2009-2251-XXI-B(1)/13, dated 10th May 2013, namely :—

AMENDMENT

In the said Notification in the table, for serial number 82 and entries relating thereto, the following serial

number and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S.No.	Name of Nyayadhikari	Place of Posting	Name of Civil District	Name of Gram Nyayalaya for Panchayat at Intermediate level	Name of Headquarter of Gram Nyayalaya
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"82	Shri Abhinav Kumar Jain, Civil Judge Class-II, Umaria.	Umaria	Umaria	Umaria	Umaria"

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चन्द्रहास व्ही. सिरपुरकर, प्रमुख सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 मई 2014

क्र. एफ. 3-117-2013-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 "क" की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-117-2013-बत्तीस, दिनांक 17 जनवरी 2014 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित उज्जैन विकास योजना, 2021 में उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	कोठी महल की शासकीय भूमि.	131	6279	आमोद प्रमोद (वर्तमान उद्यान)	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक (कार्यालय भवन).

शर्तें.—1. शेष भूमि आमोद-प्रमोद के अंतर्गत यथावत रखा जाना अनिवार्य होगा.

2. प्रस्तावित मेला कार्यालय स्थल के सामने स्थित मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर रखना अनिवार्य होगा.

3. जिला प्रशासन उज्जैन निवेश क्षेत्र में प्रश्नाधीन भूमि में क्षेत्रफल के दो गुने क्षेत्र में उद्यान विकसित करेगा.

योग . . 6279

2. उपरोक्त उपांतरण अंगीकृत उज्जैन विकास योजना, 2021 का एकीकृत भाग मान्य होगा.

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

क्र. एफ. 3-74-2011-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-74-2012-बत्तीस, दिनांक 30 अक्टूबर 2013 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित जबलपुर विकास योजना, 2021 में उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	छोटी ओमती ब्लॉक.	ब्लाक नंबर-8 प्लाट नंबर-012	4949	आवासीय एवं मार्ग	वाणिज्यिक एवं मार्ग
			योग . . 4949		

(2) उपरोक्त उपांतरण अंगीकृत जबलपुर विकास योजना, 2021 का एकीकृत भाग मान्य होगा.

क्र. एफ. 3-185-2011-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-185-2011-बत्तीस, दिनांक 21 मई 2013 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित सिवनी विकास योजना, 2021 में निम्न उल्लेखित शर्तों के साथ उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम डूंडा सिवनी.	30/49, 30/50, 30/51.	3.80	कृषि	आवासीय
			योग . . 3.80		

(2) यह कि आवेदक संस्था ने मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2012 के नियम 15 के अंतर्गत देय राशि रुपये 52,25,000/- (रुपये बावन लाख पच्चीस हजार मात्र) दिनांक 31 मार्च 2014 को भारतीय स्टेट बैंक सिवनी शाखा के चालान क्रमांक-47703983/159 द्वारा राजकीय कोष में जमा कर दी है.

(3) आंतरिक विकास के रूप में आवेदक को सिवरेज, ड्रेनेज और सॉलिड वेस्ट का निस्तारण करना होगा.

(4) परियोजना में प्रस्तावित सोकपिट को मान्य न करते हुये सेप्टिक टैंक से निकलने वाले दूषित जल को एस.टी.पी./ई.टी.पी. से शोधित कर अन्य कार्यों में उपयोग में लाना होगा.

(5) रेल्वे लाईन से नियमानुसार खुली भूमि छोड़ी होगी.

(6) आवेदक द्वारा बाह्य विकास डी.पी.आर. प्राकलन में दिये गए अनुसार स्पेसिफिकेशन के अनुसार किया जाएगा. इस विकास की अनुमानित कुल लागत रुपये 39 लाख 19 हजार का 50 प्रतिशत राशि की बैंक गारंटी बिना शर्त के कार्यपालन संचालक, मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ के नाम से जमा करानी होगी.

(7) सक्षम प्राधिकारी, नगर तथा ग्राम निवेश, बैंक गारंटी प्रस्तुत किये जाने के तथ्य की पुष्टि कराये बिना उपांतरित भूमि पर कोई विकास अनुज्ञा जारी नहीं करेगा.

(8) आवेदक संस्था निर्धारित स्पेसिफिकेशन के बाह्य विकास एवं विद्युतीकरण का कार्य पूरा करने पर उसकी जानकारी कार्यपालन संचालक, मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ को प्रस्तुत करेगी.

(9) कार्यपालन संचालक, मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ यह प्रमाणित करने के पश्चात् कि उक्त बाह्य विकास स्पेसिफिकेशन के अनुरूप निर्मित कर लिया गया है, तदोपरांत बैंक गारंटी आवेदक संस्था के पक्ष में मुक्त करेगा.

(10) उपरोक्त बैंक गारंटी की अवधि कम से कम 12 माह की होगी तथा कार्यपालन संचालक मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ के निर्देशानुसार आवेदक संस्था के आवेदन पर इस अवधि को आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है अन्यथा सक्षम प्राधिकारी से विकास अनुज्ञा प्राप्त करने के 12 माह के भीतर बाह्य विकास का निर्माण का कार्य पूरा नहीं किए जाने पर कार्यपालन संचालक मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ उक्त गारंटी की राशि राजसात कर सकेगा.

(11) बाह्य विकास की शर्त की पूर्ति के बिना की अगर उक्त बैंक गारंटी समय बाधित हो जाती है तो इसका पूर्ण दायित्व परियोजना अधिकारी तथा कार्यपालन संचालक मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरण संघ का होगा.

(12) उपरोक्त उपांतरण सिवनी विकास योजना, 2021 का एकीकृत भाग होगा.

भोपाल, दिनांक 30 मई 2014

क्र. एफ. 3-33-2013-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-33-2013-बत्तीस, दिनांक 26 जुलाई 2013 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित ओरछा विकास योजना, 2011 में उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम सावंतनगर	57/2	64.637	कृषि	वाणिज्यिक-अंतर्गत पर्यटक प्रोत्साहन प्रक्षेत्र.
		योग . .	64.637		

2. उपरोक्त उपांतरण अंगीकृत ओरछा विकास योजना, 2011 का एकीकृत भाग मान्य होगा.

क्र. एफ. 3-148-2012-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-148-2012-बत्तीस, दिनांक 8 अप्रैल 2013 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित सीहोर विकास योजना, 2011 में निम्न उल्लेखित शर्तों के साथ उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम मुंगीसपुर	129/1, 129/2, 129/3, 129/4, 129/5, 129/6, 129/7, 129/8, 137/1, 137/2 138/2, 127/3 128/1, 130/1 136, 200/140 127/1, 127/2, 127/4/ख, 128/2/ख, 133/3, 133/4, 134/1, 134/2, 140, 142, 139, 143, 133/1, 133/2, 141	11.582	कृषि एवं मार्ग	आवासीय एवं मार्ग
		योग . .	11.582 हेक्टेयर		

(2) यह कि आवेदक संस्था ने मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2012 के नियम 15 के अंतर्गत देय राशि रुपये 1,87,81,455/- (रुपये एक करोड़ सत्यासी लाख इक्यासी हजार चार सौ पच्चपन रुपये मात्र) दिनांक 29 मार्च 2014 को भारतीय स्टेट बैंक ऑफ शाखा अनूपपुर के चालन क्रमांक-12 द्वारा राजकीय कोष में जमा कर दी है.

(3) प्रश्नाधीन स्थल एन एच-86 से संलग्न है, जिसकी विकास योजना, सीहोर में चौड़ाई 60 मीटर प्रस्तावित है, अतः एन एच के नियमों के अनुसार वर्तमान मार्ग मध्य से मार्ग की चौड़ाई तथा कंट्रोल एरिया रखा जाना आवश्यक होगी.

(4) भूमि के उत्तर पूर्व एवं पश्चिम दिशा में ग्रामीण मार्ग स्थित है. संयुक्त संचालक जिला कार्यालय, भोपाल के अभिमत अनुसार उक्त मार्गों की चौड़ाई न्यूनतम 12 मीटर रखी जानी है, अतः भूमि स्वामी द्वारा ग्रामीण मार्ग निर्माण हेतु मार्ग मध्य से 6.00 मीटर भूमि छोड़कर विकास किया जाए.

(5) उपरोक्त उपांतरण सीहोर विकास योजना, 2011 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी
मध्यप्रदेश, भोपाल
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

संशोधित अधिसूचना

भोपाल, दिनांक 24 मई 2014

क्र. 3376-2913-अका-विपप्र-2013.—राज्य शासन द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा जो दिनांक 7 अगस्त 2013 को प्रश्नपत्र-कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया विषय में, सम्पन्न हुई थी जिसकी अधिसूचना क्रमांक 6880-2913-अका-विपप्र-2013, दिनांक 5 अक्टूबर 2013 को जारी की गई थी, में भोपाल संभाग से सम्मिलित परीक्षार्थी श्री मनीष महारणवर, वाणिज्यिक कर निरीक्षक त्रुटिवश अंकित हो गया है, को अब श्री मनीष महारणवर, वाणिज्यिक कर अधिकारी पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुधीर कुमार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म. प्र.)-462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

क्र. एफ. 67-239-10-तीन-1024.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद् बालाघाट जिला बालाघाट** के आम निर्वाचन में **श्रीमती आशा धनवारिया** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगरपालिका परिषद् बालाघाट जिला बालाघाट** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **बालाघाट** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **बालाघाट** के पत्र दिनांक 1 जून 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती आशा धनवारिया** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती आशा धनवारिया** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 1 जुलाई 2010 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **श्रीमती आशा धनवारिया** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती आशा धनवारिया को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 5 जनवरी 2011 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 20 जनवरी 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, आयोग द्वारा **श्रीमती आशा धनवारिया** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **बालाघाट** से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी **बालाघाट** से प्राप्त पत्र क्र. 59 दिनांक . . . फरवरी 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती आशा धनवारिया** ने विलम्ब के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्रीमती आशा धनवारिया** को दिनांक 6 मई 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुईं, जबकि अभ्यर्थी **श्रीमती आशा धनवारिया** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र दिनांक 14 मार्च 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 26 मार्च 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती आशा धनवारिया** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद् बालाघाट जिला बालाघाट** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की क़ालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(जी. पी. श्रीवास्तव)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

क्र. एफ. 67-126-10-तीन-1026.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** के आम निर्वाचन में **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पत्र दिनांक 2 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 25 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 11 मार्च 2010 को तामील किया गया. अत: उनको दिनाकं 26 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, आयोग द्वारा **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **रायसेन** से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी **रायसेन** प्राप्त पत्र दिनांक 1 जनवरी 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** को दिनांक 6 मई 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए, जबकि अभ्यर्थी **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र दिनांक 24 मार्च 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 27 मार्च 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री अजय सिंह (अज्जू) लालाराम जैन** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

क्र. एफ. 67-126-10-तीन-1027.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** के आम निर्वाचन में **श्री गौस भाई** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थे. **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पत्र दिनांक 2 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री गौस भाई** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री गौस भाई** कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 25 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **श्री गौस भाई** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री गौस भाई को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 12 मार्च 2010 को तामील किया गया. अत: उनको दिनाकं 27 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, आयोग द्वारा **श्री गौस भाई** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **रायसेन** से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी **रायसेन** प्राप्त पत्र दिनांक 1 जनवरी 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्री गौस भाई** ने कोई निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्री गौस भाई** को दिनांक 6 मई 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **श्री गौस भाई** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र दिनांक 24 मार्च 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 7 मार्च 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री गौस भाई** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 मई 2014

क्र. एफ. 67-126-10-तीन-1028.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** के आम निर्वाचन में **श्री योगेश शर्मा** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थे. **नगरपालिका परिषद् बेगमगंज जिला रायसेन** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पत्र दिनांक 2 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री योगेश शर्मा** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री योगेश शर्मा** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 25 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **श्री योगेश शर्मा** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

